तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा


10 सांसद खेल महोत्सव के समापन में जोश...


12 भाजपा नेताओं ने स्वदेशी अपनाने का संदेश ...

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से राहगीर की मौत



**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 माकड़ी के पास सड़क दुर्घटना में घायल को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। शिकायत पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन मारूती सुजुकी कार क्रमांक सीजी 19 बीएन 3063 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से लहराते हुए चलाकर माकड़ी ढाबा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास 6 नवंरब को सबह साढ़े 5 बजें रोड क्रास कर रहें मृतक रोशन बघेल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई गंभीर चोट से मृत्यु होना पाया गया। संपूर्ण जांच मे वाहन कार क्रमाक सीजी 19 बीएन 3063 के चालक द्वारा अपराध धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवती की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए गए 25 वर्षीय सुजान मंडल का 9 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अज्ञात कारणो से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सफलता : मावा मोदेल ने निखारी ग्रामीण प्रतिभाएं, सफलता का आया चौंका देने वाला परिणाम

# मावा मोदेल से कामयाबी के शिखर को छुआ युवाओं ने, 46 का आरक्षक पद पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित मावा मोदेल केंद्र एक नई आशा और सफलता का प्रतीक बनकर उभरा है।

- जिला प्रशासन की पहल बनी प्रेरणा, मावा मोदेल से प्रतिभागियों को मिला अवसर
- मावा मोदेल ने बदली किस्मत, ग्रामीण प्रतिभाओं की बड़ी उड़ान

प्रशासन की इस अभिनव पहल ने वह परिणाम देकर दिखाया है, जिसकी उम्मीद लंबे समय से की जा रही थी। इन प्रशिक्षण केंद्रों में अध्ययन कर रहे 46 छात्रों का चयन आरक्षक यानी कॉन्स्टेबल पद के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

छात्रों की अहम सफलता का सम्मान करते हुए 11 दिसंबर को दोपहर जिला मुख्यालय के मावा मोदेल एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित विद्यार्थियों को कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और एएसपी ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मावा मोदेल केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित अवसर और मार्गदर्शन देना था। उन्होंने कहा 46 छात्रों की सफलता यह साबित करती है ⏭ शेष पेज 10 पर






### मावा मोदेल सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, अवसरों का दरवाजा

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि मावा मोदेल केंद्रों ने यह साबित किया है कि यदि सरकारी प्रयासों में प्रतिबद्धता और पारदर्शिता हो, तो परिणाम उल्लेखनीय होते हैं। उन्होंने कहा कि मावा मोदेल सिर्फ एक कोचिंग सेंटर नहीं है, यह अवसरों का दरवाजा है। यहां बैठकर पढ़ने वाले हर छात्र को यह भरोसा होना चाहिए कि वह भी सफलता प्राप्त कर सकता है। 46 चयनित छात्रों की यह उपलब्धि हम सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन अब स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल लर्निंग और व्यक्तिगत मार्गदर्शन जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### मावा मोदेल से ग्रामीण प्रतिभाओं मिली नई दिशा

जिला प्रशासन द्वारा स्थापित मावा मोदेल का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित तबके के उन विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है, जिनमें प्रतिभा तो है, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए संसाधनों की कमी रहती है। इन केंद्रों में निशुल्क सुविधाएं, मार्गदर्शन, नियमित कक्षाएं, ऑनलाइन-ऑफलाइन अध्ययन सामग्री, मॉक टेस्ट और विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका सीधा परिणाम 46 छात्रों के चयन के रूप में सामने आया।

### सम्मान समारोह का आयोजन

आयोजित सम्मान समारोह में चयनित छात्रों के चेहरे गर्व और उत्साह से भरे हुए थे। मंच पर बैठे कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, एसडीएम अरूण वर्मा, डीएमसी नवनीत पटेल, वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार पाण्डेय एवं राजेश शर्मा ने एक -एक कर सभी सफल विद्यार्थियों को मैडल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मावा मोदेल केंद्रों के प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सफल विद्यार्थियों में खुशी की लहर

सभी चयनित छात्रों ने प्रशासन, प्रशिक्षकों और अपने परिवारों का आभार व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों ने कहा कि यदि मावा मोदेल केंद्र न होते, तो वे संसाधनों की कमी के कारण तैयारी ही नहीं कर पाते। एक छात्र ने कहा यह सफलता हमारे लिए जीवन बदलने वाली है। अब हमें अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से निभाना है।

### जिले में बढ़ा आत्मविश्वास व उम्मीद

मावा मोदेल की सफलता से जिले में उत्साह का वातावरण है। प्रशासन का यह प्रयोग अब अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और सुविधाओं की आवश्यकता है, जो इन केंद्रों के माध्यम से मिल रही है। मावा मोदेल केंद्रों की यह सफलता आने वाले वर्षों में और भी बड़े परिणाम लेकर आएगी और जिले को शिक्षा, रोजगार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में नई पहचान दिलाएगी।

# ब्रह्माकुमारीज के भवन निर्माण के लिए विधायक व दीदीयों ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ब्रह्माकुमारीज कांकेर के नए भवन निर्माण के लिए विधायक आशाराम नेताम एवं विभिन्न जिलों से पहुँची वरिष्ठ राजयोगिनी बीके दीदियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा बड़ा देव शिव बाबा का मंदिर का निर्माण यहां होना है। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। यहां से शांति और शक्ति हमारे समाज में पहुंचेगी, इसकी आवश्यकता है, हम सभी एक ही परिवार के सदस्य की तरह हैं एक ही विचार, श्रेष्ठ भाव को लेकर बैठे हैं, हमें नशा मुक्त समाज भी बनाना है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि संस्था द्वारा बहुत से समाज कल्याणकारी आयोजन समय प्रति समय होते रहते हैं, हम उसके साक्षी है। जब भी किसी सेवा के लिए नगरपालिका की आवश्यकता होगी हम अवश्य करेंगे। भाजपा प्रवक्ता राजीव लोचन और पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले और अशोक राठी ने कहा कि समय प्रति समय हमें यहां से मार्गदर्शन मिलते रहते हैं। हम इसका लाभ लेंगे, सहयोगी बनेंगे। इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी बीके हेमलता दीदी ने कहा कि हर कार्य समय पर होता है और वह शुभ घड़ी आ गई है, जिस ईश्वर की हम महिमा गाते थे, तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो, तू प्यार का सागर है।

ब्रह्मकुमारीज भिलाई की संचालिका बीके आशा दीदी ने कहा कि ना तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली, भगवान को हम कुछ दे नहीं सकते, जब हम भगवान के कार्य में तन, मन, घन से सहयोगी बनते हैं, तो वह दाता है। रायपुर संभाग की संचालिका बीके सविता दीदी ने कहा यह पावन स्थान भविष्य में लाइट हाउस बन अनेकों को रोशनी देगा। धमतरी जिले की संचालिका बीके सरिता दीदी ने कहा कि मेरा वर्षों से जो शुभ संकल्प रहा, वह पूरा हुआ। ब्रह्मकुमारीज बस्तर संभाग की मुख्य संचालिका बीके मंजूषा दीदी ने सभी को सम्मानित किया। नरहरपुर की बीके भावना ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दीपक राठी, राजू राठी, बीके रामा दीदी व अन्य उपस्थित रहें।

# राजस्व ग्राम की मांग पूरा होने पर ग्रामीणों में उत्साह, गांव में निकाला शानदार जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुधावा

सालेटोला को मिला राजस्व ग्राम का दर्जा, 15 वर्षों बाद ग्रामीणों की बड़ी जीत मिली। 15 साल की सतत मांग अनगिनत संघर्ष और आखिरकार सालेटोला के ग्रामीणों की खुशी रंग लाई। राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने की घोषणा होते ही गांव में मानो उत्सव सा माहौल बन गया। ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुनों, आतिशबाजी और खुशियों के जश्न के बीच ग्रामीणों ने अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न बड़े उत्साह से मनाया।

ग्राम पंचायत सारवंडी के आश्रित ग्राम सालेटोला के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया। बीते 15 वर्षों से लगातार राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे ग्रामीणों का संघर्ष आखिरकार सफल हुआ। निर्णय की जानकारी मिलते ही गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। शीतला मंदिर में पूजा- अर्चना कर




ग्रामीणों ने गांवभर में विजय जुलूस निकाला। आतिशबाजी के बीच महिलाएं, पुरुष और युवा सभी रंग-गुलाल उड़ाते हुए DJ की धुन पर थिरके और एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित मांग पूरी होने से अब गांव के विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रशासनिक सुविधाएं बढ़ेंगी और योजनाओं का क्रियान्वयन भी सीधे तौर पर गांव को लाभ पहुंचाएगा। ग्रामीणों ने इसे अपनी सबसे बड़ी सामूहिक जीत बताया। गांववासियों के अनुसार, राजस्व ग्राम बनना आने वाले वर्षों में सालेटोला ⏭ शेष पेज 10 पर

# तेज रफ्तार बाइक हुआ दुर्घटनाग्रस्त सवार युवक गंभीर, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना कांकेर क्षेत्र अंतर्गत कोकपुर मार्ग पर तेज रफ्तार मोटर साइकिल की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के पिता ने थाना कांकेर में पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर के छोटेपारा ठेलकाबोड़ निवासी 38 वर्षीय देवसिंग वट्टी पिता स्व. गोपाल वट्टी ने पुलिस को बताया कि 6 दिसंबर को वे काम के सिलसिले में कांकेर से बाहर गए हुए थे। देर शाम जब वापिस घर लौटे तो उनकी पत्नी मालती वट्टी ने उन्हें बेटे के एक्सीडेंट की जानकारी दिया। बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र अजय वट्टी सड़क दुर्घटना में घायल होकर कांकेर शासकीय अस्पताल में भर्ती है। घटना की जानकारी मिलते ही देवसिंग वट्टी तत्काल अस्पताल पहुंचे और बेटे से दुर्घटना के बारे में पूछताछ की। घायल अजय वट्टी ने



बताया कि वह मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 19 बीटी 4340 से कांकेर से काम निपटा कर ठेलकाबोड़ स्थित अपने घर वापिस जा रहा था। शाम लगभग साढ़े 6 बजे जब वह छोटेपारा ठेलकाबोड़ निवासी अशोक जैन के घर के सामने मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी कोकपुर दिशा से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 9140 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में अजय वट्टी के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसे तीव्र दर्द होने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत शासकीय अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। सड़क हादसे की इस घटना ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर एक ⏭ शेष पेज 10 पर

कापसी चौक की चाय पे चर्चा में विकास पर हुआ गहन मंथन

# विधायक विक्रम उसेंडी ने चाय पे चर्चा की सुनी जनता की आवाज और दिया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर/कापसी

क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने और जनता की समस्याओं को नज़दीक से समझने के उद्देश्य से विधायक विक्रम उसेंडी ने गुरुवार सुबह कापसी में अनोखे अंदाज़ में जनसंवाद किया। दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित साना चाय दुकान में आयोजित "चाय पे चर्चा" के इस कार्यक्रम में उन्होंने आम नागरिकों के साथ बैठकर चाय की चुस्कियों के बीच उनकी बातों को सुना। सहज माहौल में हुई इस चर्चा ने लोगों को अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं खुलकर सामने रखने का अवसर दिया।

इस संवाद के दौरान स्थानीय निवासियों ने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण



समस्याएं रखीं। विधायक उसेंडी ने धैर्यपूर्वक सभी मुद्दों को सुना और कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम करना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी ओर से मिले सुझावों पर गंभीरता से अमल किया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़, पखांजूर मंडल अध्यक्ष दीपंकर राय, दीपांकर दत्ता, बिमल साहा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पार्टी और जनप्रतिनिधि मिलकर निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

"चाय पे चर्चा" जैसे अनौपचारिक लेकिन प्रभावी माध्यम से आयोजित यह बैठक स्थानीय लोगों के बीच खासा ⏭ शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो अध्यक्ष ने पत्रवार्ता में विकास कार्यों पर की चर्चा

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को नारायणपुर जिला प्रवास के दौरान कुछ समय भानुप्रतापपुर में बिताया। यहाँ स्थित प्रेस क्लब का दौरा किया और स्थानीय पत्रकारों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात किया। इस दौरान सभी पत्रकारों ने राहुल टिकरिया को पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। पत्रकारों के साथ करीब एक घंटे तक गहन चर्चा में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया साथ ही प्रेस क्लब की भी तारीफ किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण अंचलों में हो रहे निरंतर विकास कार्यों पर जोर दिया। केंद्र सरकार द्वारा भी छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि /"धरातल पर विकास की ठोस तस्वीर प्रस्तुत करना है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष अभ्यास

**पखांजुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहें छात्रों के लिए छोटेबेठिया संकुल में एक सप्ताह का निःशुल्क अभ्यास वर्ग सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस विशेष क्लास का आयोजन 5 से 11 दिसंबर तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के बच्चों को निःशुल्क अध्यापन और भोजन की सुविधा प्रदान की गई। संकुल छोटेबेठिया में आयोजित इस अभ्यास वर्ग में कुल 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परीक्षा की बेहतर तैयारी हेतु अभ्यास कार्य किया। यह अभ्यास क्लास संकुल छोटेबेठिया के संकुल समन्वयक लखन प्रसाद दुबे, अशोक नेताम और अवध हारमें के कुशल दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। बच्चों के अध्यापन और अभ्यास कार्य में संकुल के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनमें लालमन पटेल, चित्रगुप्त भुवर्या, सत्यप्रकाश भार्गव, और अशोक कुमार ठाकुर शामिल थे, जिन्होंने छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करने में सहायता की। निःशुल्क पहल से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को काफी लाभ मिला है।

### शंकराचार्य का आगमन पर लोगों में उत्साह

**जगदलपुर।** सनातन धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक शिखर गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज 14 दिसंबर को दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा 15 दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंच रहे हैं। भगवान शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम, रावाभाठा में विशेष तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में उनके शिष्यों और धर्मानुरागी जनों में असाधारण उल्लास है। यह प्रदेश का परम सौभाग्य है कि पूज्य शंकराचार्य जी समय–समय पर छत्तीसगढ़ को अपने पावन सान्निध्य से अभिभूत करते रहे हैं। उनकी दिव्य कृपा से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संवेदना और राष्ट्रभाव निरंतर सशक्त हो रहा है।

### सोरागुड़ा आंगनबाड़ी की नहीं सुधरी व्यवस्था

**बकावंड।** ग्राम पंचायत कोलावल के आश्रित ग्राम सोरागुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र के 5 दिसंबर को बंद पाए जाने की खबर के बाद उम्मीद थी कि विभाग चेत जाएगा। लेकिन 11 दिसंबर को भी लापरवाही देखने को मिली। आज 11:30 बजे तक न तो बच्चों को नाश्ता मिला था और न ही आंगनबाड़ी की गतिविधियां शुरू हुई थीं। 17 बच्चों में से केवल 3 बच्चे ही उपस्थित मिले। बाकी बच्चों का पता पूछने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सिर्फ इतना कहा बच्चे आते ही नहीं हैं।

एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल, रस्साकसी, लंबी-कूद, शॉटपुट स्पर्धाएं हुईं

# सांसद खेल महोत्सव के समापन में जोश और ऊर्जा के साथ खेलकूद का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

ग्रामीण एवं विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह उत्साह, ऊर्जा और जोश से भरपूर माहौल में संपन्न हुआ। दो दिवसीय सांसद खेल व एक दिवसीय महिला खेल को लेकर नरहरपुर एवं आसपास के ग्राम पंचायतों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने सभी ग्रामीणों और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए सही माहौल उपलब्ध कराएँ।

महोत्सव में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, फूटबॉल, रस्साकशी, लंबी-कूद, शॉटपुट सहित कई प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। हर मुकाबले में खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। मैदान पर युवाओं के साथ-साथ दर्शकों में भी रोमांच का माहौल बना रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पार्षद मुकेश संचेती ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया एवं कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में



प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें मंच देने की। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ाने और उनके अंदर आत्मविश्वास जगाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सांसद खेल महोत्सव न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें बड़े मंच तक पहुँचाने का माध्यम है। हमारे गांवों में ऐसी अनगिनत प्रतिभाएँ हैं, जिन्हें यदि सही दिशा और अवसर मिले तो वे जिला ही नहीं, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहरा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, एकता, साहस और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि खिलाड़ी जहाँ खेलता है, वहाँ वह जीत और हार दोनों से सीखता है।

जीत उसे आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देती है और हार उसे दोबारा प्रयास करने की प्रेरणा। यही जीवन का सबसे बड़ा खेल है। सीखते रहना और आगे बढ़ते रहना। क्षेत्र के खिलाड़ियों को नियमित रूप से अभ्यास करने, नशे से दूर रहने, समय का सदुपयोग करने तथा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा की ग्राम स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन गांव की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देता है। जब युवा खेल में व्यस्त रहते हैं, तो समाज में अनुशासन, भाईचारा और स्वास्थ्य का वातावरण बनता है। मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूँ, जिन्होंने मैदान पर अपना पसीना बहाकर न केवल अपने गांव का नाम रोशन किया, बल्कि यह साबित किया कि सपना कितना भी बड़ा क्यों न हो, दृढ़ संकल्प और मेहनत से सब संभव है। उन्होंने विजेताओं के साथ उन खिलाड़ियों को भी बधाई दी जिन्हें इस बार जीत नहीं मिली, किंतु जिन्होंने पूरे मन से अपने खेल को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में पार्षद भागवत शोरी, तहसीलदार पोरस वेंताल, जनपद सीईओ वेनू प्रसाद सुखदेवे, बीईओ ऐमन जैन, एडिशनल सीईओ सुरेंद्र कश्यप, आनंद साहू, भूपेन्द्र गंगबेर, दिनेश कवाची, धनंजय पोया, रामसाय नेताम, राजेंद्र कुंजाम, मोतिन नेताम, जागेशवरी साव, मिताली सरकार, माधुरी साहू, चन्द्रहास यादव, समलेश साहू, प्राचार्य मोहर साहू, दिलेशवर साव, कोमल सिन्हा, लेखन साहू, धनीराम सिन्हा, तुलसी शोरी, चन्द्रहास सिन्हा उपस्थित रहे।

## तालाकुर्रा के स्कूलों में नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को मुफ्त, गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा देने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित स्कूलों की एक प्रणाली है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत स्थापित की गई है। पाँचवी अध्यनरत छात्रों को सीबीएससी से संबद्ध शिक्षा प्रदान करती है, जिसमें प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होता है और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है, जिसके तहत संकुल केंद्र तालाकुर्रा में जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में किया जा रहा है।

परीक्षा नजदीक आने पर विगत दो सप्ताह से संकुल के सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को संकुल मे तैयारी करवाया जा रहा है, जिसमें प्राथमिक शाला कोकानपुर, तालाकुर्रा तेतापारा खासपारा मावलीपारा के पाँचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से परीक्षा के बारे में शिक्षकों द्वारा सिलेबस के बारे में बताया एवं पढ़ाया जा रहा है और साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा के सिलेबस में मुख्य रूप से तीन खंड होते है। मानसिक योग्यता परीक्षण 40 प्रश्न, 50 अंक, अंकगणित परीक्षण 20 प्रश्न, 25 अंक और भाषा परीक्षण 20 प्रश्न, 25 अंक, कुल 100 अंक और 80 प्रश्न, जिसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होती और यह 2 घंटे का होता है। मानसिक योग्यता में पैटर्न, आकृति मिलान, दर्पण प्रतिबिंब आदि होते है। गणित में संख्या प्रणाली, भिन्न, प्रतिशत, क्षेत्रफल, आयतन आदि; और भाषा में पठन बोध गद्यांश और व्याकरण के प्रश्न होते है। शिक्षक लगातार बच्चों को नवोदय परीक्षा तैयारी, नाम लिखना, दिनांक, पिता का नाम को भरना और नवोदय परीक्षा की पाठ्यक्रम अनुसार तैयारी कराई जा रही है। संकुल समन्वयक चंद्र भुवन ध्रुव, प्रतिमा मेश्राम, फुलेश्वर मंडावी सहित अन्य शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा तैयारी कराई जा रही है।

## उम्दा विद्यार्थियों को मेडल से किया गया सम्मानित

**कोरर।** डिवाइन पब्लिक स्कूल मरकाटोला में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 7वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया और साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति मरकाटोला अध्यक्ष प्रिंस पाण्डेय ने विजेताओं की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, मेहनत और टीम भावना सिखाता है। जो विद्यार्थी इस बार विजेता नहीं बन पाए हैं, वे




प्रयास जारी रखें। हार सफलता की ओर बढ़ने की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संचालक सुनिर्मल महतो, खेल शिक्षिका दुर्गा कोड़ोपी, अनिल यदु तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रगति स्वइन, एसएमसी उपाध्यक्ष पुष्पा मरकाम, काउंसलर परिमल महतो तथा शाला प्रबंधन समिति सदस्य खिलेश्वरी साहू, अशोक यादव एवं सूरज अहीर शामिल हुए।

## नवोदय परीक्षा में चयनित छात्रों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि व स्कूल बैग

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से संकुल आमाकड़ा द्वारा संचालित एक माह के निःशुल्क नवोदय कोचिंग का गुरुवार को समापन हुआ। 12 नवंबर को शुरू हुई इस कोचिंग में संकुल के सभी प्राथमिक शालाओं से चयनित मेधावी छात्रों को विशेष परीक्षा-उन्मुख प्रशिक्षण दिया गया, जिसने ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं। विद्यार्थियों को प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक नियमित मार्गदर्शन दिया गया। छात्रों की तैयारी को परखने और परीक्षा के माहौल में ढालने के लिए चार मॉक टेस्ट भी आयोजित किए गए, जिसमें समय-प्रबंधन और प्रश्न-समझ पर जोर दिया गया।

समापन अवसर पर छात्रों को ब्लू पेन और चॉकलेट भेंट कर आगामी परीक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कोचिंग को सफल बनाने वाले शिक्षकों को भी पेन भेंट कर उनके



योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्राचार्य राजेंद्र कुमार अवाड़े ने घोषणा की कि नवोदय परीक्षा में चयनित होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रोत्साहन स्वरूप 1000 रूपएं की राशि प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में संकुल समन्वयक तुलसी केमरो ने भी घोषणा करते हुए कहा कि नवोदय परीक्षा में पास होने वाले छात्रों को संकुल की ओर से निःशुल्क स्कूल बैग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर देवाराम कोठारे, रवीशंकर साहू, गोरखनाथ, बिसरी नायक कुंती खोब्रागड़े, पंकी मंडल व अन्य उपस्थित रहें।

## बौद्धिक परिचर्चा में युवाओं को राष्ट्रीय विकास में योगदान की मिली प्रेरणा



**दुर्गुकोंदल।** कांगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत 11 दिसंबर को बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित ललित नरेटी ने युवाओं से कहा कि विकसित भारत का आधार शिक्षित और अनुशासित युवा हैं। एनएसएस का यह विशेष शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल अनुशासन, समन्वय व सद्भावना विकसित करता है, बल्कि छात्र-छात्राओं की छिपी हुई सांस्कृतिक, शैक्षणिक और नेतृत्व क्षमता को भी निखारता है। राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम है, जो युवाओं में देश सेवा की भावना जागृत करता है और भारत के लाखों स्वयंसेवक इसके जरिए राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शिक्षा के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं का शिक्षित और अनुशासित होना अनिवार्य है। बिना शिक्षा के समाज और व्यवस्था को मजबूत नहीं बनाया जा सकता। यदि भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है, तो तकनीकी ज्ञान के साथ भारतीय महापुरुषों के आदर्शों का पालन करना होगा। भारतीय संस्कृति की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर आगे बढ़ना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपनी-अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से न िभाना चाहिए।

## यात्रियों की सुरक्षा रामभरोसे, अधिकांश बसों के अग्निशमन यंत्र खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की जा रही है, जिसका सीधा असर यात्रियों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। कई बसों में अग्निशमन यंत्र हैं ही नहीं, जबकि कुछ में ही यह उपकरण उपलब्ध हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि बसों में अग्नि सुरक्षा को लेकर कोई एकरूपता या सख्त निगरानी नहीं है। आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए सबसे जरूरी माने जाने वाले अग्निशमन यंत्रों का बसों में न होना, यात्रियों की जान को सीधे खतरे में डालता है। यात्रियों ने इस लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक अग्निशमन



यंत्रों को हर बस में अनिवार्य रूप से नहीं रखा जाता, तब तक बसों में यात्रियों की सुरक्षा केवल राम भरोसे ही है।

बताया जा रहा है कि बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, विशाखापटनम, उड़ीसा जाने वाले अधिकांश यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब है। इस पर सभी सड़कों में परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है।

### बच्चों व युवाओं की आंखों पर बढ़ता डिजिटल दबाव

**जगदलपुर।** सीएसओएस के मेंबर्स एवं बस्तर डिविजनल आप्याल्मालॉजी के डॉक्टर्स डॉ. पीएन कोठारी, डॉ. राकेश शोरी, डॉ. छाया शोरी, डॉ. टीसी आडवाणी, डॉ. सरिता थॉमस, डॉ. मनीष बंसल, डॉ. अक्षय पाराशर, डॉ. अनुषा सिंह द्वारा नेत्रों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के नेत्र चिकित्सकों के संगठन द्वारा बनाया गया प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि डिजिटल युग में बच्चों और युवाओं के जीवन में मोबाइल, लैपटॉप और टेबलेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है। पढ़ाई, ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और मनोरंजन के साधन अब पूरी तरह स्क्रीन पर निर्भर हो गए है।

## 22 गेंदों में शानदार 42 रन बनाकर अजय ने दिलाई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

आज मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड में प्रथम मैच कर्मचारी इलेवन विरुद्ध तारापुर के बीच खेला गया। जिसमें तारापुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्मचारी इलेवन के देवेश जोशी के शानदार अर्धशतक के बदौलत 10 ओवरों में 108 रनो का विशाल लक्ष्य तारापुर के सामने रखा। तारापुर के बल्लेबाजो ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दिया। आज के मैन ऑफ द मैच रहे अजय जिन्होंने पहले ओवर से ही आक्रामक रूप अपना कर 22 गेंदों में शानदार 42 रन बनाकर अपने टीम को जीत की दहलीज पर खड़ा कर दिया। वहीं द्वितीय मैच मंगनार विरुद्ध कुम्हरावंड की टीम का आपस में सामना हुआ। मंगनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

कुम्हरावंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 81 रन का लक्ष्य दिया जिस लक्ष्य को मंगनार की टीम अच्छी लड़ाई लड़ते हुए 1 रन से पीछे रह गई और कुम्हरावंड ने इस रोमांचक मैच को अपने नाम कर लिया। कुम्हरावंड से मैन ऑफ द मैच अजय रहे। जिन्होंने 2 ओवर में 5 रन देकर महत्वपूर्ण 4 विकेट झटके। आज के मुख्य अतिथि शंकर ठाकुर और मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड संजू देवांगन के द्वारा दिया जा रहा है। आज के मुख्य अंपायर दीपक देवांगन एवं संजू देवांगन रहे।

**आज के मैच**

कल 12 दिसम्बर का पहला मुकाबला सौतपुर बनाम मोंगरापाल 11 बजे एवं दूसरा बड़ा मुकाबला नैनमूर बनाम नेगीगुड़ा 2 बजे खेला जाएगा।

## रमैया वार्ड में विहिप-बजरंग दल की बैठक

# धर्म रक्षा और एकजुटता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रमैया वार्ड में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की वार्ड स्तरीय बैठक उल्लेखनीय उत्साह व ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुई। नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने विजय महामंत्र के साथ बैठक का शुभारंभ किया और नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु ने अध्यक्षता संभाली। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हिंदू समाज आपसी एकजुटता, संगठन और धर्मरक्षा के प्रति सजग होकर कार्य करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल हिंदू समाज को एक सूत्र में बाँधने के लिए संकल्पित है।

बैठक में संगठन विस्तार और धर्मांतरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर



गहन चर्चा हुई। नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने वार्ड स्तर पर नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। इसमें चिरंजीव सोनी को वार्ड अध्यक्ष, प्रकाश जोशी को वार्ड मंत्री, रामनाथ कश्यप को बजरंग दल वार्ड संयोजक, शुभम सोनी को वार्ड सत्संग प्रमुख, ब्रह्मा जी सोनी को साप्ताहिक मिलन प्रमुख तथा अक्षत करण को वार्ड गौ-रक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर जगदीश ठाकुर (नगर संयोजक), अजय प्रताप सिंह (सह संयोजक),पवन राजा (नगर सह गौ-रक्षा प्रमुख), गौ-रक्षक निखिल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजीव गांधी वार्ड अध्यक्ष अतुल पाठक समेत अमन जोशी, सुनील, शेखर, निरावल, ओम, लोकेश, मनीष चाँडक, मुकेश, सोन सागर, लक्की गवाले, तुला राम, चीनू, चंदन पनव, करन, अमिता और बड़ी संख्या में वार्डवासी व बजरंगी मौजूद रहे।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हिंदू एकता, सामाजिक समरसता, गौ-संरक्षण,साप्ताहिक सत्संग और वार्ड-स्तरीय संपर्क अभियान को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नई नियुक्तियों ने संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे रमैया वार्ड में धर्म रक्षा की एक सशक्त दिशा निर्मित होने का संदेश पूरे शहर में पहुंचा।

पेज 09 के शेष...

### मावा मोदेल से...

कि यदि सही दिशा और सुविधा मिले, तो हमारे जिले के बच्चे किसी भी बड़े शहर के विद्यार्थियों को टक्कर दे सकते हैं। आप सभी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। आपने न केवल अपने परिवार का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन आने वाले समय में मावा मोदेल अब तहसील मुख्यालय तक बढ़ाने, नई तकनीकों को शामिल करने और अधिक विशेषज्ञ शिक्षकों को जोड़ने पर काम करेगा ताकि और भी विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। भानुप्रतापपुर एएसपी आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल ने कहा कि अभी तक जिस तरह का अनुशासन का पालन किया है, उसे जिंदगी भर करना होगा। आरक्षक पद पर चयन आपकी सफलता की शुरुआत है, अंत नहीं। यह जिम्मेदारी है समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने की, लोगों की सुरक्षा का भरोसा जीतने की और अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से उदाहरण स्थापित करने की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पुलिस विभाग में आने के बाद भी निरंतर सीखते रहें, आगे की परीक्षाओं जैसे एसआई, डीएसपी आदि के लिए तैयारी जारी रखें। उन्होंने प्रशासन के इस प्रयास की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण केंद्र युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं।

### राजस्व ग्राम की...

के विकास का नया अध्याय लिखेगा। लंबे इंतजार के बाद मिली यह जीत ग्रामीणों के चेहरे पर हमेशा रहने वाली मुस्कान की तरह दर्ज हो गई है। इस आनंदोत्सव में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष काजू राम साहू, राजेंद्र भास्कर, सरिता भास्कर, निर्मल दास, दयाराम भास्कर, शिवनारायण कुलदीप, शिवजी गुप्ता, राजूराम भास्कर, हेम सिंह भास्कर, तुलसी नाग, बिरसिग, शंकर, गैंदूराम मंडावी, अमर सिंह भास्कर, कृष्ण भास्कर, रूपेश मंडावी, रोशन साहू, संतोष नेताम, सगाबत्ती भास्कर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइक...

बार फिर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस नागरिकों से सुरक्षित गति और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। घायल युवक के पिता देवसिंग वट्टी की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ धारा 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है तथा आरोपी चालक की भूमिका की जांच जारी है।

### विधायक विक्रम उसेंडी...

लोकप्रिय रही। लोगों ने इसे जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का मजबूत पुल बताया। कार्यक्रम के अंत में विधायक उसेंडी ने पुनः आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा और क्षेत्र को विकास की नई राह पर ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### आयुष स्वास्थ्य शिविर हुआ सम्पन्न

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य संवर्धन पहल के तहत न्यू बस स्टैंड परिसर में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में किया गया। प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में डॉ. अरविंद आचार्य, डॉ. श्रीकांत रथ, डॉ. हरीश केसरवानी, डॉ. विकास जयसवाल सहित आयुष विभाग की संपूर्ण टीम उपस्थित रही तथा मरीजों को उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। शिविर में कुल 35 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निःशुल्क आयुष औषधियाँ वितरित की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को पथ्य, अपथ्य, योग, दिनचर्या एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति संबंधी विस्तृत जानकारी दी जिससे उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलेगी। शिविर में वात रोग एवं चर्म रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही, जिनका आवश्यक उपचार किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जिला राम राना, पार्षद बसंती लिंगम एवं मुन्नालाल ताती सहित जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कलेक्टरेट के सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग की विभिन्न निर्माण, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने समलूर जलाशय, गीदम नाला व्यपवर्तन योजना, कैडियापारा एनीकट निर्माण, टेकनार एवं चितालूर जलाशयों के जीर्णोद्धार सहित डेगलरास, गामावाड़ा और भैरमबंद जलाशयों में चल रहे नहर लाइनिंग व सुधार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी ने संभाला पदभार

**हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा**

दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी ने आज कांग्रेस भवन, दंतेवाड़ा में आयोजित एक गरिमामय समारोह में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती महेन्द्र कर्मा, प्रदेश कांग्रेस सयुक्त महामंत्री विमल सुराना जी,शिव शंकर सिंह, देवी सिंह चौहान, जवाहरलाल सुराना, ओपचारिक रूप से पद ग्रहण कराया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें




फूल-मालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही श्री सलीम राजा उस्मानी ने वरिष्ठों को गमछा पहना कर सम्मानित किया।वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सलीम राजा उस्मानी की नियुक्ति संगठन के लिए ऊर्जा, उत्साह और नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा जन समस्याओं के समाधान और जनता के अधिकारों की लड़ाई को और गति मिलेगी।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उस्मानी ने सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, हर कार्यकर्ता को जोड़ने और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी संघर्ष करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने श्री उस्मानी को पदभार ग्रहण करने पर पुनः बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए एकजुटता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान भावरिफ यादव जी, रविन्द्र नागवंशी,महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष कोपा कुंजम जी, अरविंद राय ,सुभाष राय, आसिफ राजा, विप्लव मालिक, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कर्मा जी, अनिल कर्मा जी, किरत आलमी, राजेंद्र कौर राय , राजकुमार जायसवाल , रामकुमार नाग,युवा कांग्रेस गणेश दुर्गा, एनएसयूआई अध्यक्ष वेदांत पांडे,सेवा दल अध्यक्ष कारण इच्छम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंदरूनी ग्रामों के निर्माण कार्यों की हुई जांच परख

# गुणवत्ता को रखें सर्वोपरि, समय सीमा का हो अनिवार्य पालन : कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कुआकोंडा ब्लॉक के अंदरूनी ग्राम पंचायतों जैसे अरनपुर, नहाड़ी, ककाड़ी गोंगपाल, समेली, पोटाली जैसे क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का मैदानी जांच परख निरीक्षण किया गया। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा सर्वप्रथम नकुलनार में निर्माणाधीन सीएससी सेंटर लागत 3.96 करोड़ का निरीक्षण कर बन रहे मरीज वार्ड, मीटिंग हॉल, कक्षों के रंग रोगन, केटिन एवं पार्किंग व्यवस्था, शॉकपिट प्रसाधन के संबंध में सामग्रियों स्टीमेट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएससी सेंटर में सभी प्रकार की सामग्रियों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी कार्य तय सीमा तक अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जाने चाहिए।



यहां उन्होंने हाई मास्क लाइट तथा विद्युत व्यवस्था के लिए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भी अधिकारियों को दिए। साथ ही उनके द्वारा कुआकोंडा में बन रहे 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के कार्यो में भी त्वरित प्रगति लाने को कहा। इस क्रम में उनके द्वारा यहां बाढ़ शिविर राहत केन्द्र भवन का भी जायजा लेते हुए बचे हुए कामों को शीघ्र पूरा करने को कहा। इस संबंध में यहां जानकारी दी गई कि यहां एनआरएलएम सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात कलेक्टर गोंगपाल में पूर्ण हो चुके स्वामी आत्मानंद विद्यालय का अब तक हस्तांतरण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 7 दिवस के अंदर भवन की साफ सफाई तथा अहाता तथा रंग रोगन कार्य को दुबारा किया जाकर संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए। इस क्रम में उन्होंने पालनार में बन रहे प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से आवासों को शीघ्र पूरा करने तथा किस्त प्रदाय की जानकारी ली और पालनार से फुलपाड़ जलप्रपात पहुंच मार्ग में 4 किलोमीटर मार्ग के लिए री टेंडर जारी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही उनके द्वारा यहां हायर सेकेंडरी स्कूल में 100 सीटर कन्या छात्रावास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने को भी कहा। इसी प्रकार ग्राम समेंली के 100 सीटर छात्रावास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि हर हाल में जनवरी तक स्लैब कास्टिंग कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए ताकि अगले शिक्षा सत्र तक क्षेत्र के विद्यार्थी यहां शिफ्ट हो सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रावासो का निर्माण स्थानीय छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए अहम स्थान रखता है।

### घर-घर जाकर मॉनिटरिंग कर रहे जिला स्तरीय अधिकारी

**दंतेवाड़ा।** शासन के मंशा अनुरूप कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला दंतेवाड़ा में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 13वां चरण का शुभारंभ 8 दिसंबर को होने के पश्चात जिले सर्वे की टीम घर घर जाकर सभी लोगों का तक किट से जांच, स्टिकर, पम्पलेट चस्पा, पंजी संधारण, पैर के अंगूठा में मार्कर से निशान, धनात्मक पाये गए मरीजों को गोली वितरण कर रहें हैं। एवं आस पास जल जमाव न होने देने और साफ सफाई पर गहन जांच कर सलाह दे रहें हैं। इस सर्वे दल में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और मितानिन शामिल हैं, जिसकी मॉनिटरिंग करने हेतु जिला स्तर पर कॉम्बेट टीम गठित किया गया है, इस तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके द्वारा बड़े तुमनार बाजार पारा एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ देश दीपक ने मटेनार ग्राम में सर्वे किए गए पारा मोहल्ले का घर घर जाकर जांच किया और सर्वे दल की गतिविधियों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिला में व्यापक रूप से जन जागरूकता हेतु प्रचार रथ, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग एवं पम्पलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह अभियान 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जायेगा। लक्षित जनसंख्या को शत प्रतिशत जांच कर मलेरिया से होने वाले मौत को रोकने हेतु जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा इस 13वां चरण को सफल बनाने हेतु जमीनी स्तर पर मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है।

## नपा टीम कर रही आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

नगर पालिका द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत आवारा कुत्तों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में लगातार प्रतिदिवस अलग अलग स्थान पर नगर पालिका के टीम के द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही लगातार की जा रही है।

पकड़े गए आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से ले जाया जा रहा है एवं स्थल पर ही कुत्तों की नशबंदी , टीकाकरण, बधीयाकरण एवं आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों एवं नगर में बढ़ रहे कुत्तों की जनसंख्या को कम करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हैं ।

सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद देश भर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन को ले कर के नगर पालिका दंतेवाड़ा सक्रिय हो कर कड़ी कार्रवाई कर रहा है । उक्त निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्ही के एस पॉल दास ने बताया कि निकाय क्षेत्र में आवारा घूम रहे कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर एवं हर वार्डो में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है जिससे आक्रामक और हमलावर कुत्तों में नियंत्रण पाया जा सके ।

## ग्रामीण बस सेवा का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा**

अंदरूनी क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के ऐतिहासिक कदम के तहत विगत दिवस माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मेंढका डोबरा में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ संपन्न हुआ। इस महत्वाकांक्षी योजना की लॉन्चिंग के साथ ही जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों में नई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इसके अंतर्गत जिले में नव परिचालित बस सेवा नियमित रूप से बुरगुम से कुआंकोण्डा, अरनपुर, मड़ेदा, तनेली, किरंदुल, बचेली, बड़ेगुडरा, बारसूर, दंतेवाड़ा, झोडियाबाड़म, बिंजाम, सियानार, समलूर, बड़ेसुरोखी, बड़ेतुमनार, छोटेतुमनार, गुटोली, मोफलनार, छिंदनार, मुचनार, कटेकल्याण, तेलम, टेटम, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, दुगेली, पीनावचेली, गमावाडा, हांदावाड़ा, भांसी, चेरपाल, पालनार, भोगाम, फरसपाल, आलनार, मुण्डेर, भटपाल, चिकपाल, सातधार, गीदम, बालूद, गाटम, परचेली सहित अनेक मार्गों पर संचालित होगी। इस कनेक्टिविटी से अब ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करने में परेशानी नहीं होगी। साथ ही महंगे निजी परिवहन पर निर्भरता कम होगी और उन्हें सुरक्षित, सुलभ तथा नियमित आवागमन की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों में इस सुविधा को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल है, इसे वे विकास की बड़ी सौगात के रूप में देख रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से दूरस्थ वनांचलों के हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें मुख्यालय तक पहुंचने में न केवल समय की बचत होगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसर भी आसानी से उपलब्ध होंगे। यह योजना ग्रामीण विकास को नई दिशा देगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों का जीवन सरल होगा और मूलभूत सेवाओं तक उनकी पहुंच सुदृढ़ होगी। यह सुविधा ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, जिला परिवहन अधिकारी गौरव पाटले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 19 जिलों के 380 खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिले में 4 से 6 दिसंबर तक जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं बाई बॉक्सिंग संग के संयुक्त तत्वाधान में थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप का सफल आयोजन इंडोर स्टेडियम में हुआ। जिसमें 19 जिलो के लगभग 380 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



उल्लेखनीय है कि जिले में पहली बार आयोजित थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। इस खेल आयोजन में क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी, विशेष अतिथि सदस्य छ.ग. राज्य महिला आयोग ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा, अध्यक्ष जनपद पंचायत हिडमा कवासी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम रजनीश सुराना एवं सदस्य जिला पंचायत रामू राम नेताम की उपस्थिति रही। उक्त प्रतियोगिता में 6 वर्ष से लेकर 11 वर्ष के खिलाड़ियों हेतु कैडेट प्रतियोगिता के साथ, सब जूनियर अंडर-14, जूनियर 17, सीनियर 21 एवं प्रो फाइट महिला, पुरुष दोनों वर्गों में इसके अलावा म्यूजिकल फोम (डेमो) मेच कराया गया। इस राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओवर ऑल दन्तेवाड़ा जिला ने प्रथम स्थान पाकर चैम्पियनशिप अपने नाम किया तथा द्वितीय स्थान जिला कोरबा एवं तृतीय जिला दुर्ग ने प्राप्त किया। राज्य स्तरीय वाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में सहायक खेल अधिकारी, खेल एवं युवा युवा कल्याण विभाग प्रदीप सिंह, थाई बॉक्सिंग प्रशिक्षक संदीप साह, की विशेष भूमिका रही।

## यूनिसेफ व महिला एवं बाल विकास विभाग की तत्परता से रोका गया बाल विवाह



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए यूनिसेफ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष अभियान संचालित किया गया है। इस क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर टीम

■ **युवोदय स्वयं सेवक की अहम भूमिका**

द्वारा ग्राम पंचायत मड़से में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रस्तावित बाल विवाह को रोका गया। प्राप्त सुत्रों के अनुसार यूनिसेफ जिला समन्वयक, परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, परियोजना समन्वयक चाइल्ड लाइन, पंचायत सचिव, वार्ड पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, युवोदय ब्लॉक समन्वयक एवं स्वयं सेवक की उपस्थिति में बालिका पक्ष को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों, दुष्परिणामों और इसके सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस समझाइश के बाद परिजनों ने बालिग होने तक उक्त विवाह न करने का लिखित आश्वासन दिया। अभियान के दौरान टीम ने ग्रामीणों को भी जागरूक करते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी। बालिका के पिता को शासन की योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि बालिका की निर्धारित उम्र के बाद मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामाजिक रिवाज से विवाह संपन्न करवा दिया जायेगा।

## कलेक्टर ने नहाड़ी व पोटाली के ग्रामों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ अंचल नाहाड़ी और पोटाली का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं और लंबित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों द्वारा रखे गए प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को स्थल पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम पोटाली में ग्रामीणों ने पंचायत भवन, गांव की सड़क व्यवस्था, आंगनबाड़ी भवन, बाजार शेड, पीडीएस भवन में शेड की व्यवस्था, देवगुड़ी में शेड निर्माण, हैंडपंप की मरम्मत, स्थापना, तार-फेंसिंग तथा पीडीएस



भवन परिसर में हाईमास्ट लाइट लगाने की मांग रखी। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि इनमें से अनेक कार्य पहले से स्वीकृत हैं, परंतु अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं, जिससे दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों की अद्यतन सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

इस दौरान ग्राम नाहाड़ी में ग्रामीणों ने सड़क संपर्क, आंगनबाड़ी भवन तथा स्कूल भवन के निर्माण को प्रमुख मांग के रूप में प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बताया कि भवनों की स्वीकृति होने के बावजूद निर्माण अधूरा है, जिससे बच्चों व महिलाओं के लिए असुविधा होती है। कलेक्टर दुदावत ने आश्वासन दिया कि बुनियादी सुविधाओं को हर ग्राम तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधूरे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य पारा-टोलों से मिली मांगों को जैसे ही संबंधित अधिकारी प्रस्तुत करेंगे, प्रशासन उन पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

## अंतिम लोक अदालत कल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2025 में अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित की जावेगी। ज्ञात हो कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां न्यायालयीन प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौता कर सालों के विवाद का त्वरित निपटारा किया जाता है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के द्वारा इस वर्ष के अंतिम लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जा रहा है। आयोजित होने वाले लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दिवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, यान वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा, ट्राफिक चालान का निराकरण होगा, साथ ही ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए है, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से उनका भी निराकरण किया जायेगा। इसमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं कर सम्पति बकाया, टेलीफोन बिल जैसे मामले शामिल रहेगें।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत की खण्ड पीठ जिला एवं सत्र न्यायालय में बनेगी। साथ ही व्यवहार न्यायालय सुकमा, व्यवहार न्यायालय बीजापुर एवं व्यवहार न्यायालय बचेली में भी खंडपीठ का गठन किया गया है। लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिए न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था जिला अस्पताल की समन्वय से की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में जन सामान्य से यह अपील की गई है कि नेशनल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता लेकर उसका लाभ प्राप्त करें।

**बच्चों व महिलाओं के चेहरे पर आई मुस्कान**

# पटेलपारा में हुआ आंगनबाड़ी भवन निर्माण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिला मुख्यालय से दूर स्थित सुदूर एवं दुर्गम ग्राम पंचायत कमालूर के पटेलपारा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के बाद बच्चों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। यहां पूर्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 5 लाख तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1.45 लाख इस प्रकार 6.45 लाख की लागत से वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण स्वीकृत किया गया था। इस भवन निर्माण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ




एवं सुविधाजनक केंद्र उपलब्ध कराना था। निर्माण कार्य से न केवल स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिला तथा समुदाय में पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं को मजबूती भी मिली। इसके पूर्व भवन के अभाव में पटेलपारा के बच्चे प्राथमिक शिक्षा और पौष्टिक आहार मिलने में समस्याएं आ रही थी। परंतु अब नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा उसके नये सिरे से संचालन से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित पौष्टिक आहार मिल रहा है एवं बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ी है। यह प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से पटेलपारा के 42 परिवारों के जीवन में सुपोषण सुधार आया है और रोजगार उपलब्धता ने सामाजिक व आर्थिक विकास को गति दी है।

ग्राम पंचायत कमालूर शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार में चयनित ग्राम पंचायत है। पहले यह इलाका सीमित संसाधनों और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से अत्यंत जोखिमपूर्ण माना जाता था, जिस कारण स्वास्थ्य सेवाएं और भवन निर्माण सामग्री पहुँचना एक चुनौती थी। इसके बावजूद जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से पहुंच मार्ग का विकास व भवन निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

## एयर कार्गो सेवा शुरू होने से स्पीड पोस्ट सेवा हुई तेज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

डाक विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा रायपुर से घरेलू एयर कार्गो सेवा पुनः प्रारम्भ होने से अब बस्तर एवं छत्तीसगढ़ से भेजे जाने वाले स्पीड पोस्ट पत्र एवं पार्सल हवाई मार्ग से देश के प्रमुख शहरों तक भेजे जाएंगे। बस्तर से भेजे जाने वाले पत्र एवं पार्सल का एयर कार्गो टर्मिनल रायपुर के माध्यम से हवाई प्रेषण संभव हो गया है। जिससे सेवा की गति और विश्वसनीयता में सुधार होगा। बस्तर के ग्राहकों को महानगरों तथा अन्य राज्यों में पहुंचने का समय पहले से कम, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, भुवनेश्वर, इंदौर, पुणे और अहमदाबाद से सीधी प्रेषण एवं गुवाहाटी, पटना, लखनऊ और कोच्ची रैंप सुविधा के द्वारा होगा। त्योहारों एवं ई-कॉमर्स के उच्च सीजन में अधिक क्षमता और तेज निकासी होगी। महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों एवं पार्सलों के लिए बेहतर ट्रैकिंग और समयबद्ध डिलीवरी।इसके अतिरिक्त डाक विभाग स्पीड पोस्ट पत्रों, पार्सलों तथा अन्य समस्त डाक की बुकिंग, प्रेषण एवं वितरण की विशेष निगरानी के लिए एक समर्पित मेल मॉनिटरिंग यूनिट की स्थापना की गई है। यह यूनिट बस्तर प्रभाग के भीतर एवं बाहर से प्राप्त होने वाले सभी डाक पत्रों एवं पार्सलों की एंड-टू-एंड निगरानी सुनिश्चित करेगी।

## खबर संक्षेप

### शराबियों और कोचिए के खिलाफ हुई कार्रवाई

**कांकेर।** बांदे थाना पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए



चिचेकट्टा निवासी सोमनाथ को अन्य लोगो को शराब पीने कि सुविधा मोहय्या कराते हुए पकड़ा। वही भानुप्रतापपुर पुलिस ने 10 दिसंबर को भानुप्रतापपुर निवासी भोकलु राम नेताम को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया। दोनो आरोपी के खिलाफ 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। तीसरी कार्यवाई में भानुप्रतापपुर पुलिस ने 10 दिसंबर को आरोपी संबलपुर निवासी रवि बघेल को हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब करीबन 11 लीटर जिसकी कीमत 1 हजार 650 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### दुर्गूकोंदल के 953 परीक्षार्थी देंगे नवोदय प्रवेश परीक्षा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल में जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर शनिवार को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए विकासखंड में चार केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल, शासकीय उमावि हाटकोंदल, शासकीय उमावि दमकसा तथा शासकीय उमावि कोण्डे शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 953 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें दुर्गूकोंदल, हाटकोंदल तथा दमकसा केंद्रों से 240-240 तथा कोण्डे केंद्र से 233 विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**कांकेर।** जिला न्यायालय कांकेर एवं सभी तहसील स्तरीय न्यायालयों में 13 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बैंक संबंधी प्रकरण, बिजली बिल एवं टेलीफोन बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण,.पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, सिविल एवं अन्य समझौतापूर्ण प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिले के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निराकरण कराने नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**कांकेर।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार 10 दिसम्बर को जिला जेल कांकेर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार टामक के द्वारा जिला जेल कांकेर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उनके अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया और बंदियों की मानसिक, शारीरिक स्थिति को ध्यान मे रखते हुए व्यायाम करवाने की बात कही गई। साथ ही जिला जेल का निरीक्षण कर टेक्नॉलोजी की उपयोगिता बढ़ाने की सलाह दी गई जिससे बंदियों की समस्याओं का समाधान जल्द हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शान्ति प्रभु जैन सहित न्यायिक अधिकारी, जिला जेल स्टाफ आदि उपस्थित थे।

### कुटीर उद्योग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग की स्थापना के लिए बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्रामोद्योग जिला पंचायत के सहायक संचालक ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिए कुटीर उद्योग स्थापना के लिए शासन द्वारा 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है।

## अभियान : स्थानीय कारीगरों, किसानों और व्यापारियों को मिला समर्थन

# भाजपा नेताओं ने स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया और भरवाया संकल्प पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- विधायक आशाराम नेताम बोले-स्वदेशी आत्मनिर्भरता की नींव
- जिलाध्यक्ष महेश जैन ने देसी विकल्पों को जीवनशैली बनाने की अपील की





स्थानीय बाजारों में आज एक अलग ही उत्साह देखने को मिला, जब भाजपा नेताओं ने दुकान-दुकान पहुंचकर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। दुकानदारों से सीधे संवाद कर उन्हें स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाया गया, जिसमें दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों के उपयोग, आयातित वस्तुओं की जगह देसी विकल्पों को अपनाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह शामिल था।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्वदेशी अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में समाज का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने बताया कि स्थानीय उद्योगों, किसानों, कारीगरों और छोटे व्यवसायियों की उन्नति तभी संभव है जब आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने दुकानदारों को आश्वस्त किया कि सरकार भी छोटे व्यापारियों और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि स्वदेशी अपनाना सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गर्व का विषय है।

उन्होंने बताया कि आयातित वस्तुओं के स्थान पर देशी उत्पादों को अपनाने से गांवों में रोजगार बढ़ेगा और स्थानीय बाजार मजबूत होंगे। उन्होंने दुकानदारों को इस मुहिम में सक्रिय सहयोग देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह अभियान समाज में नई जागरूकता पैदा करेगा।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान दुकानदारों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने घर, काम और समाज में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, गांव-गांव, किसान-कारीगरों से जुड़कर स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देंगे और युवाओं व बच्चों को भी स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही पारिवारिक व सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं के उपयोग तथा पर्यावरण-अनुकूल स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की भी अपील की गई। देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देने का संदेश भी इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। भाजपा नेताओं के साथ स्थानीय विधायक ने भी दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों से संवाद किया और स्वदेशी की महत्व पर विस्तार से विचार रखे। अभियान के दौरान अधिकांश दुकानदारों ने उत्साहपूर्वक संकल्प पत्र भरकर इस मुहिम को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक टेकेश्वर जैन, नपा अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजीव लोचन सिंह, दीपक खटवानी, संजय सिन्हा, देवेन्द्र भाउ, हितेन्द्र खटवानी, टिकेन्द्र ठाकुर, विजय लक्ष्मी कौशिक, शकुंतला जैन, उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, विरेन्द्र श्रीवास्तव, भूपेन्द्र नाग, गिरधर यादव, जयंत अठभैया, राकेश शर्मा, सपन श्रीवास्तव, अंशु शुक्ला, घनेन्द्र ठाकुर, रूपेश्वर सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र शोरी, योगेश साहू आदि भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं दुकानदार उपस्थित रहे।

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ ग्राम सिदेसर में अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण केन्द्र एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत शाउमावि सिदेसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सिदेसर में आयोजित कार्यक्रम में लिंग आधारित हिंसा कारण एवं दुष्प्रभाव तथा इसे समाप्त करने में विभाग के द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया। इसके उपरांत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत हर बेटी है खास विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को उपलब्ध विशेष अधिकारों पर चर्चा की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेन्टर, सखी निवास, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, घरेलू हिंसा, सी बॉक्स पोर्टल, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र से जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रोसेयो शिविर में अनुशासन मिली सीख, नशा-मुक्ति का दिया संदेश



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत चौगेल में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस प्रेरणादायक बौद्धिक चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भानुप्रतापपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अपने सपनों के लिए हर दिन खुद से संघर्ष करते हैं। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, मानसिक दृढ़ता और लक्ष्य-प्राप्ति से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने सरल और प्रभावी शैली में समाधान प्रस्तुत किया। शिविर की मुख्य थीम नशा मुक्ति एवं युवा पर विचार रखते हुए आकाश श्रीश्रीमाल ने नशे को युवाओं के भविष्य का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा नशा मुक्त जीवन ही सफलता का सुदृढ़ आधार बनता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. नसीम अहमद मंसूरी एवं अन्य प्राध्यापकगण, चिकित्सा विभाग के कर्मचारी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चौगेल के शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## समाजशास्त्र विभाग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पर कार्यशाला



**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के समाजशास्त्र विभाग के द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व तैयारी एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई । कार्यशाला में डॉ. बसंत नाग ने विद्यार्थियों से कहा सबसे पहले आपको परीक्षा के पैटर्न और पाठ्यक्रम को जानना और समझना आवश्यक है। सही पाठ्य सामग्री, विगत वर्षों के प्रश्नों का विश्लेषण करें, समय का नियोजन, नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट, निरंतर अध्ययन के साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी आवश्यक है। डॉ. वीके रामटेके ने प्रतियोगी परीक्षा को व्यापक मूल्यांकन की प्रक्रिया बतलाते हुए कहा इनका आयोजन उम्मीदवार के ज्ञान एवं कौशल को परखने के लिए किया जाता है। इनका उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा और को भी परखना है। डॉ. राजेश शुक्ला ने कहा केवल कोर्स वर्क को पढ़ लेने से सफलता नहीं मिलेगी, बल्कि उनके लिए तार्किक तरीके से सोचकर मुख्य बिन्दुओं पर अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा। सकारात्मक सोच के साथ एकाग्रता भी अध्ययन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी और अमीषा पटेल, गोदावरी, यामिनी कोसमा, दीपक निषाद, भावना, भूमिका साहू, लोकेन्द्र, नीलम पटेल, संजना बघेल, लोकेश्वरी नाग, देविका, तीजन, राकेश कुमार कांगे, सलीमा हिचामी, बिनेश्वरी दरों, पिलेश्वरी, लीना कोमरे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## मृदा विशेषता एवं संतुलित उर्वरक के उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों की छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नरहरपुर में स्कूल सॉयल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को मिट्टी के महत्व, उसकी गुणवत्ता, संरक्षण तथा वैज्ञानिक खेती की दिशा में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार कुंजाम ने बताया कि मिट्टी किसी भी कृषि व्यवस्था की आधारशिला है, इसलिए उसकी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक विशेषताओं को समझना अत्यंत आवश्यक है। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने एवं फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए मिट्टी परीक्षण करवाना आज की आवश्यकता बन गया है। विद्यार्थियों को मिट्टी का नमूना लेने की सही विधि, नमूना लेते समय आवश्यक सावधानियाँ तथा परीक्षण के बाद प्राप्त होने वाले मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज पोषक तत्वों की अनुशंसित मात्रा का पालन कर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं, बल्कि लागत में भी कमी ला सकते हैं। मिट्टी में मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी या अधिकता की पहचान, पीएच मान के प्रभाव तथा उनके सुधार हेतु आवश्यक उपायों पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नरहरपुर के प्राचार्य नोहर साहू ने बताया कि कृषि में संतुलित पोषण का अत्यधिक महत्व है। मिट्टी में आवश्यक 17 पोषक तत्वों की उपलब्धता फसल की स्वस्थ वृद्धि के लिए अनिवार्य है, जिसे सही तरीके से जानने का एकमात्र साधन नियमित मिट्टी परीक्षण है। वैज्ञानिक आधार पर उर्वरकों का उपयोग कर किसान न केवल मिट्टी की सेहत सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि अपनी पूँजी और समय की भी बचत कर सकते हैं। इससे खेती की लागत कम होती है।

## ट्राईकोडर्मा के मास मल्टीप्लीकेशन का प्रदर्शन कर किसानों को दी जानकारी



**कांकेर।** रावे-रेडी के छात्र-छात्राओं द्वारा किसानों के बीच ट्राईकोडर्मा के मास मल्टीप्लीकेशन का सफल एवं व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्श का उद्देश्य किसानों को जैविक तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें कम लागत में प्रभावी कृषि उपाय उपलब्ध कराना था। छात्रों ने ट्राईकोडर्मा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया चांवल की कनकी के माध्यम से प्रदर्शित की। छात्रों ने बताया कि इसके लिए एक किलो चावल की कनकी को साफ कर दो लीटर पानी में तेज आँच पर दो मिनट तक उबाला गया, ताकि कनकी निर्जीविकृत होकर फफूँद विकास के लिए उपयुक्त बन सके। उबली हुई कनकी को साफ कपड़े से छानकर हल्का गुनगुना होने तक ठंडा किया गया। इसके बाद गुनगुनी कनकी में दो ट्राईकोडर्मा कैप्सूल का पाउडर समान रूप से मिलाया गया। मिश्रण तैयार होने के बाद इसे निर्जीविकृत ढक्कनयुक्त प्लास्टिक के डिब्बों में लगभग एक सेंटीमीटर की ऊँचाई तक फैलाकर समतल किया गया और ढक्कन बंद कर दिया गया। डिब्बों को सुरक्षित स्थान पर अलग-अलग पंक्ति में एक सप्ताह से आठ दिनों तक रखा गया, ताकि ट्राईकोडर्मा का पर्याप्त विकास हो सके। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने बताया कि ट्राईकोडर्मा मिट्टी जनित रोगों को दबाने में अत्यंत प्रभावी है। यह जड़ों के आसपास के सूक्ष्मजीव क्षेत्र (राइजोस्पीयर) को संतुलित करता है तथा लाभकारी जीवाणुओं की वृद्धि को प्रोत्साहित करता है। इसके नियमित उपयोग से पौधों की जड़ों का विकास बेहतर होता है। पौधे अधिक स्वस्थ बनते हैं और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। यह प्रदर्शन पौध रोग विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ उपेन्द्र नाग एवं डॉ. प्रदीप कुमार बढ़ाई के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ऋषि श्रीवास, नित्यम सिंह, सागर पवार, मनीष नरेटी, रविशंकर सोनवानी, पायल साहू एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## मिट्टी की उत्पादकता और गुणवत्ता पर की गई चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द विद्यालय भानुप्रतापपुर में 10 दिसंबर को एक दिवसीय स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ पराली न जलाने की सलाह दिया गया। कार्यक्रम मे सॉइल हेल्थ कार्ड और स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम के बारे में विद्यार्थियों और शिक्षकों से चर्चा किया गया। मिट्टी परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खाद के प्रयोग आदि के बारे में चर्चा किया गया ताकि उत्पादकता के साथ साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बने रहे। इस दौरान राकेश कुमार शोरी द्वारा मिट्टी का नमूना लेने की विधि एवं सावधानी के बारे में बताया गया, कार्यक्रम में एक्सटेंशन रिफॉर्म आत्मा योजना से राधेलाल देवांगन, अमृता ध्रुव, भूपेंद्र कुमार गंगासागर, कमलेश विनायक, एलएस गौतम एसके नरवास, एनजी पॉल,संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्रगण उपस्थित रहें।

## टोकन, बारदाना व सुविधा संबंधी मुद्दों पर निरीक्षण टीम ने लिया फीडबैक



**दुर्गुकोंदल।** आदिम जाति सहकारी समिति हाटकोंदल धान खरीदी केंद्र का 11 दिसंबर को युवा कांग्रेस की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान बेचने के दौरान आ रही वास्तविक समस्याओं का आकलन करना तथा केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन करना था। निरीक्षण टीम ने सबसे पहले धान खरीदी की वर्तमान प्रक्रिया, टोकन वितरण की व्यवस्था तथा बारदाने की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि कई बार समय पर टोकन नहीं मिल पाता, जिससे धान की तुलाई में देरी होती है। वहीं बारदाना व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीण किसानों ने चिंता जताई। किसानों ने कहा कि धान की आवक बढ़ने के साथ पर्याप्त बारदाना उपलब्ध न होने पर उन्हें असुविधा उठानी पड़ती है। युवा कांग्रेस की टीम ने इन शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दिया और अधिकारियों से चर्चा कर समाधान की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता बताई। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र में साफ-सफाई, पानी, बैठने की व्यवस्था एवं तुलाई की गति जैसे विषयों पर भी विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लंबी प्रतीक्षा का सामना करना पड़ता है।

## निकाली रैली में अनेक गांव के लोग हुए शामिल

# भगवती मानव कल्याण संगठन का लक्ष्य, नशामुक्त भारत का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



तहसील नरहरपुर के ग्राम सुरही में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशा मुक्ति भारत के संकल्प को साकार करने के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। इस रैली में सुरही, उरैया, चना गांव, धौराभाटा, आमापारा, बेंद्रा पानी, उम्रदाहा, कुसुमपानी, रायपारा, केकराखोली, लिलवापहर, जामगांव, डुमरपानी और मर्रामपानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजकों का कहना है कि आज देश में नशा एक गंभीर सामाजिक संकट बन चुका है, जहां आठवीं-दसवीं कक्षा के बच्चे तक नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशे के कारण समाज में बढ़ते अपराध, चोरी, लूटपाट, घरेलू कलह और पारिवारिक तनाव से हर घर किसी न किसी रूप में प्रभावित है। ऐसे माहौल में समाज सुधार के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता को सभी ने जोर देकर रखा। भगवती मानव कल्याण संगठन ने लंबे समय से नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए अब तक जिले में 20 से 30 हजार नशा करने वाले व्यक्तियों को नशामुक्त करने में सफलता प्राप्त की है। संगठन का स्पष्ट उद्देश्य है कि पूरे भारत को नशे से मुक्त कर एक स्वस्थ, जागरूक और प्रगतिशील समाज का निर्माण किया जाए। रैली में नरहरपुर टीम के राजेश नेताम, गुरु राम मरकाम, कीर्तन नेम सहित कई सक्रिय कार्यकर्ताओं पंचम पटेल, बिकोदर मरकाम, सुखलाल पटेल, शंभू पटौदी, देव सिंह मांडवी, चंद्रिका मरकाम, अमृतलाल कुमेटी, रति नेताम, कैलाश कुंजाम, राधिका मरकाम, जितेन साहू, अमित जैन, अमर जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया और युवाओं को नशा छोड़कर शिक्षा, रोजगार और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने भी स्वयं और अपने परिवारों को नशे से दूर रखने तथा अन्य लोगों को जागरूक करने की प्रतिज्ञा ली।

